आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 31.08.2024 समय : 07.10PM

मुख्य समाचार.

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- महिलाओं के खिलाफ अत्याचार के मामलों में सख्त कानून और त्वरित फैसले की जरूरत।
- मुख्यमंत्री मोहन यादव ने विमुक्त, घुमक्कड़ और अर्ध घुमक्कड़ समुदाय के लिए कीं कई घोषणाएं।
- पर्यटन क्षेत्र में प्रदेश की 40 हजार से अधिक महिलाओं को किया जा रहा प्रशिक्षित।
- कल से फिर भीगेगा प्रदेश, 35 जिलों में तेज बारिश का अनुमान।

प्रधानमंत्री-न्यायपालिका

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि महिलाओं पर अत्याचार और बच्चों की सुरक्षा समाज के लिए गंभीर चिंता के विषय हैं। उन्होंने कहा कि देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कानून बनाए गए हैं लेकिन इसे और अधिक सक्रिय बनाने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में जिला न्यायपालिका के दो दिन के राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार से संबंधित मामलों में जितने जल्दी से निर्णय लिए जाएंगे उतने ही जल्दी महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो पाएगी। भारतीय न्याय संहिता के बारे में प्रधानमंत्री

ने कहा कि इन कानूनों की भावना है-  नागरिक प्रथम, प्रतिष्ठा प्रथम और न्याय प्रथम। श्री मोदी ने कहा कि पिछले दस वर्षों में न्याय मिलने में देरी को दूर करने के लिए कई स्तरों पर काम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि देश में न्यायिक ढांचे के विकास के लिए करीब आठ हजार करोड़ रूपए खर्च किए गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के अमृतकाल में 140 करोड़ देशवासियों का एक ही सपना है - विकसित भारत, नया भारत।

विमुक्त दिवस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विमुक्ति दिवस पर आज भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में विमुक्त, घुमन्तू एवं अर्द्ध घुमन्तू विभाग के "समर्थ पोर्टल" एवं "मोबाइल ऐप" का विमोचन किया। इस दौरान कार्यक्रम को सोबोधित करते हे मुख्यमंत्री ने कहा कि विमुक्त, घुमन्तू एवं अर्द्ध घुमन्तू समुदाय की सराहना करते हुए कहा कि यह ऐसा समाज है, जिसके लिए असंभव काम भी संभव है। इस दौरान उन्होंने समाज के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की।

डॉ.मोहन यादव, मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने यहां आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। डॉ. यादव ने कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले कलाकारों का उत्साहवर्धन भी किया। पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक कल्याण राज्य मंत्री कृष्णा गौर और मधयप्रदेश राज्य विमुक्त, घुमंतु और अर्द्ध घुमंतु जाति विकास अभिकरण के अध्यक्ष बाबूलाल बंजारा कार्यक्रम में विषेश अतिथि के रूप में

उपस्थित रहे। गौरतलब है कि प्रदेश में विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय के अंतर्गत कुल 51 जातियॉ शामिल हैं। इन 51 जातियों में से 30 जातियों को घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय एवं 21 जातियों को विमुक्त समुदाय में वर्गीकृत किया गया है।

आयुष - नये संस्थान

केन्द्रीय आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव ने कहा है कि अगले पांच वर्ष में दस नये आयुष संस्थान खोले जाएंगें। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि मंत्रालय आयुर्वेद को प्रत्येक घर तक ले जाने  की प्रधानमंत्री के प्रयासो को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

श्री जाधव ने कल नई दिल्ली में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया भर में आयुर्वेद और योग के प्रति दृष्टिकोण बदल रहा है और इनकी स्वीकार्यता तेजी से बढ रही है। उन्होंने कहा कि देश में आयुष संस्थानों के विस्तार से परम्परागत चिकित्सा प्रणाली का विस्तार होगा और प्रत्येक भारतीय नागरिक को लाभ मिलेगा।

डिजिटल भुगतान

विश्व के प्रमुख डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म्स को पीछे छोडते हुए भारत के यूनीफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यूपीआई ने इस वर्ष अप्रैल से जुलाई के बीच लगभग 81 लाख करोड रुपए का लेन-देन किया। पिछले वर्ष के मुकाबले इसमें 37 प्रतिशत की बढोतरी हुई है। ग्लोबल पेमेंट हब पेसेक्योर के ताजा आंकड़ों के अनुसार यूपीआई के माध्यम से प्रति सेकेंड लगभग

37 सौ से ज्यादा लेन-देन किए गए, जो 2022 में प्रति सेकेंड दर्ज किए गए 23 सौ 48 लेन-देन से 58 प्रतिशत अधिक है। इस तरह लेन-देन की संख्या के मामले में यूपीआई ने चीन के अली-पे, पे-पाल और ब्राजील के पीआईएक्स को पीछे छोड दिया। जुलाई में यूपीआई लेन-देन बीस लाख साठ हजार करोड रुपये को पार कर गया। यह किसी एक महीने में किया जाने वाला सबसे अधिक लेन-देन था।

पर्यटन सम्मेलन

प्रदेश में भीड़भाड़ वाले पर्यटन स्थलों को प्रबंधित करने और शांति की चाह रखने वाले पर्यटकों के लिए 50 नए ऑफबीट डेस्टिनेशन विकसित किए जा रहे है। पर्यटन और संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार उत्पन्न करने और समुदाय की महिलाओं को पर्यटन से जोड़ने की दिशा में पर्यटन क्षेत्र में 40 हजार से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रमुख सचिव एक निजी होटल में इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स- आईएटीओ के 39वें अधिवेशन के दूसरे दिन के पहले सत्र को संबोधित कर रहें थे। सम्मेलन के दौरान मध्यप्रदेश पर एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। इसमें टूरिज्म बोर्ड की अपर प्रबंध संचालक बिदिशा मुखर्जी ने अधिवेशन के लिये भोपाल आए ट्रेवल एजेंट्स, टूर ऑपरेटर्स सहित विभिन्न हितधारकों को मध्यप्रदेश में आने का न्योता दिया।

मुनगा

शहडोल जिले में औषधीय गुणों से परिपूर्ण मुनगे को प्रोत्साहित करने के लिए हर

संभव प्रयास किए जा रहे हैं। जिले में तैयार हो रही पोषण वाटिका व देवारण्य योजना के तहत औषधीय पौधों के साथ मुनगे के पौधे का भी रोपण किया जा रहा है। आयुष विभाग के एक जिला एक उत्पाद योजना में मुनगे को शामिल किया गया है। इसके बाद भी वन विभाग ने इसे 527 मान्य वृक्षों की सूची में शामिल नहीं किया है। इसे लेकर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश जैन ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से मुनगे को मान्य वृक्षों में शामिल करने की मांग की है। साथ ही पत्र में मुनगे को लेकर किए जा रहे प्रयास और उसके लाभ की जानकारी भी दी है। गौरतलब है कि बीते साल जिले में विभिन्न समूहों से जुड़ी 8000 महिलाओं ने मुनगे से डेढ़ करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय अर्जित की है।

मौसम

अब खबर मौसम की, राजधानी भोपाल सहित आसपास के जिलों में भले ही आज बारिश न हो रही हो, लेकिन मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में कल से बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम सक्रिय होगा। जिससे पूरा प्रदेश भीग जाएगा। विभाग ने 35 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। इससे पहले आज भी सीहोर-देवास समेत 12 जिलों में तेज बारिश हो सकती है। इंदौर के यशवंत सागर डैम से पानी छोड़ने के बाद उज्जैन का डैम फुल हो गया है। आज सुबह उज्जैन में गंभीर डैम का एक गेट खोला गया। प्रदेश के 13 जिलों में कल बारिश हुई। नर्मदापुरम जिले में 35 मिमी यानी, डेढ़ इंच पानी बरस गया। मंडला और उमरिया में 1-1 इंच, नौगांव, टीकमगढ़, खजुराहो, छिंदवाड़ा और इंदौर में आधा इंच से ज्यादा पानी गिर गया। इसी तरह बैतूल, शिवपुरी, उज्जैन, नरसिंहपुर और सतना

जिले में भी हल्की बारिश दर्ज की गई। भोपाल में सुबह से रिमझिम बारिश का दौर शुरू हुआ, जो रात में भी चलता रहा। अशोकनगर में शुक्रवार देर रात हुई दो घंटे की भारी बारिश से पाठखेड़ा गांव में घरों में दो फीट तक पानी भर गया।

संक्षिप्त समाचार

अब कुछ समाचार संक्षेप में...

- गुना में जिला प्रशासन की पहल पर आज लोगों द्वारा जिला चिकित्सालय में साफ-सफाई अभियान के तहत श्रमदान में सहभागिता की गई।
- एक्सप्रेस टू जस्टिस परियोजना के तहत आगरमालवा जनपद पंचायत सभाकक्ष में कल आयोजित कार्यशाला में बाल विवाह एवं बाल श्रम के विषय में विस्तृत चर्चा की गई। अंहिसा वेलफेयर सोसायटी ने जिले के 50 ग्राम लिये है जिनको बाल विवाह मुक्त करने का संकल्प लिया गया है।
- जबलपुर उच्च न्यायालय ने लोकायुक्त संगठन को आदेश दिया है कि 24 घंटे के भीतर वेबसाइट पर एफआईआर अपलोड की जाए।
- खण्डवा जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया है कि कल जिला रोजगार कार्यालय में आयोजित रोजगार मेले में 7 कंपनियों ने भाग लिया, जिसमें 73 बेरोजगार आवेदकों का प्राथमिक चयन किया गया।
- 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' थीम पर 14 सितंबर से 01 अक्टूबर तक छिंदवाड़ा जिले में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा चलाया जायेगा।

- शहडोल जिले में अस्पतालों की सुरक्षा को लेकर तमाम इंतजाम किए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक ने स्वास्थ्य केंद्र में कानून व्यवस्था की स्थिति को सुनिश्चित करने के लिए जिला अस्पताल का निरीक्षण किया।
- छिंदवाड़ा जिले में राजस्व महा अभियान में लापरवाही बरतने पर 2 पटवारी निलंबित किए गए हैं।

मुख्य समाचार एक बार फिर...

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- महिलाओं के खिलाफ अत्याचार के मामलों में सख्त कानून और त्वरित फैसले की जरूरत।
- मुख्यमंत्री मोहन यादव ने विमुक्त, घुमक्कड़ और अर्ध घुमक्कड़ समुदाय के लिए कीं कई घोषणाएं।
- पर्यटन क्षेत्र में प्रदेश की 40 हजार से अधिक महिलाओं को किया जा रहा प्रशिक्षित।
- कल से फिर भीगेगा प्रदेश, 35 जिलों में तेज बारिश का अनुमान।